# तीन-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का सम्पन्न



**बल्लभगढ़, 29 मई, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** सोमवार को अग्रवाल कॉलेज के पुस्तकालय विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से पुस्तकालयों का सतत विकास विषय पर तीन-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन अग्रवाल कॉलेज प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। संगोष्ठी को राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन कोलकता और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित व अनुमोदित किया गया है।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने की। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम से कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार जी रहें। बीज वक्ता प्रोफेसर के.पी. सिंह पुस्तकालय विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली व निदेशक, गांधी भवन, नई दिल्ली से रहें। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर एम.पी. सिंह बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ से रहें।

प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर के. पी. सिंह, पुस्तकालय विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली व गांधी भवन, दिल्ली ने की। आमंत्रित वार्ता डॉ. मयंक त्रिवेदी, पुस्तकालय अध्यक्ष, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बडोदरा, गुजरात में की। तकनीकी सत्र दो (अ) की अध्यक्षता डॉ. मयंक त्रिवेदी, पुस्तकालय अध्यक्ष, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ोदरा, गुजरात में की। इस सत्र में आमंत्रित वार्ता प्रोफेसर दिनेश गुप्ता, पुस्तकालय विभाग, कुरुक्षेत्र व प्रोफेसर एम.पी. सिंह, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) लखनऊ ने की। तकनीकी सत्र दो (ब) जोकि डिजिटल माध्यम से संचालित किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉ. सत्यप्रकाश, अग्रसेन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने की। तकनीकी सत्र तीन जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर दिनेश गुप्ता पुस्तकालय विभाग, कुरुक्षेत्र महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र और डॉ. रेखा सैन, सहायक प्रवक्ता, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने की। आमंत्रित वक्ता डॉ. मनोज शुक्ला, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ रहें।

संगोष्ठी के दूसरे दिन सत्र -4 (अ) की अध्यक्षता प्रोफेसर एस.के. चक्रवर्ती, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, एनआईटी, कुरुक्षेत्र ने की। आमंत्रित वक्ता प्रोफेसर एस. के. शर्मा, सेवानिवृत, सीनियर ऑफिसर, पुस्तकालय विभाग, यूजीसी, नई दिल्ली रहें। द्वितीय वक्ता प्रो. एस. के. सोनकर, पुस्तकालय विभाग, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ रहें। इसी सत्र में तृतीय वक्ता मिस्टर मुर्तल एमीनो, नाइजीरिया (डिजिटल माध्यम ) रहें। सत्र -4 (ब) जो डिजिटल माध्यम से आयोजित किया गया कि अध्यक्षता डॉ. गीता गुप्ता, सह - प्रवक्ता, अंग्रेजी विभाग, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने की। सत्र -5 की अध्यक्षता डॉ. दिनेश गुप्ता, कुरुक्षेत्र महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र ने की। आमंत्रित वक्ता प्रो. एस. के. चक्रवर्ती, सेवानिवृत प्रोफेसर, एनआईटी, कुरुक्षेत्र रहें।